आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 23.06.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

- ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से फोन पर बात की।
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के भाषण का संकलन–विंग्स टू ऑवर होप्स वोल्यूम टू पुस्तक का विमोचन रक्षा मंत्री करेंगे।
- दक्षिण अंडमान ज़िला उपायुक्त ने विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया।
- मध्योत्तर अंडमान ज़िला योजना समिति की बैठक में सात वर्षीय रणनीति पर चर्चा हुई।

<><><><><><><>

ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन नेकल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से टेलीफोन पर बातचीत की। राष्ट्रपति पे जेशकियन ने प्रधानमंत्री मोदी को विस्तार से जानकारी देतेहुएक्षेत्र की वर्तमान स्थिति और ईरान और इस्राइ ल के बीच चल रहे संघर्ष पर अपना पक्षरखा।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हाल ही में हुई तनातनी पर भारत की गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि भारत शांति और मानवता के पक्ष में है।प्रधानमंत्री ने तत्काल तनाव कम करने के लिए संवाद और कूटनीति की आवश्यकता पर बल दिया।

भारतीय समुदाय की सुरक्षित वापसी और स्वदेश वापसी के लिए दिए जा रहे निरंतर समर्थन के लिए राष्ट्रपि त पेजेशकियन को धन्यवाद दिया। वहीं दूसरी ओर ऑपरेशन सिन्धु के तहत ईरान के मशाद से कल एक विशेष उड़ान में कुल तीन सौ ग्यारह भारतीय नागरिक नई दिल्ली पहुंच गए। विदेश मंत्रालय ने बताया कि ऑपरेशन सिंधु के अंतर्गत अभी तक ईरान से एक हजार चार सौ अट्ठाईस भारतीय नागरिक सुरक्षित निकाले जा चुके हैं। ईरान में भारतीय दूतावास भारतीय नागरिकों की निरंतर मदद कर रहा है। नागरिकों को तेहरान में भारतीय दूतावास के संपर्क में रहने की सलाह दी गई है। दूतावास में चौबीस घंटे वाला नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है।

<><><><><><><>

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज नई दिल्ली में विंग्स टू ऑवर होप्स वोल्यूम टू पुस्तक का विमोचन करेंगे। यह पुस्तक राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के कार्यकाल के दूसरे वर्ष में दिए गए इक्यावन भाषणों के संकलन पर आधारित है। यह संकलन राष्ट्रपति मुर्मु की सोच, उनके जीवन दर्शन और उनकी प्राथमिकताओं को प्रदर्शित करता है। इस कार्यक्रम में सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव और राज्य मंत्री डॉ. एल मुर्गन भी भाग लेंगे। यह पुस्तक हिन्दी, अंग्रेजी और ऑन लाइन संस्करण में भी प्रकाशित की जाएगी। यह पुस्तक राष्ट्रपति भवन द्वारा संकलित और प्रकाशन विभाग द्वारा प्रकाशित की गई है।

<><><><><><><>

तमाल, भारतीय नौसेना का युद्धपोत एक जुलाई, दो हजार पच्चीस को रूस के कैलिनिनग्राद में जलावतरण करने के लिए पूरी तरह से तैयार है। तमाल जहाज तुशील श्रेणी का ऐसा दूसरा युद्धपोत है, जो अपने पूर्ववर्ती जहाजों, तलवार और तेग श्रेणी का उन्नत संस्करण तथा गोपनीयता से कार्य करने वाला जलपोत है। तमाल युद्धपोत का निर्माण रूस के कैलिनिनग्राद स्थित यांतर शिपयार्ड में किया गया है और यह भारतीय नौसेना में विदेशी स्रोत से शामिल होने वाला अंतिम युद्धपोत है, जो भारत सरकार के आत्मनिर्भर भारत तथा मेक इन इंडिया कार्यक्रमों के अनुरूप है। इस जहाज में 26 प्रतिशत उपकरण स्वदेशी हैं, जिनमें समुद्र और जमीन दोनों पर निशाना साधने के लिए लंबी दूरी की क्रूज मिसाइल ब्रह्मोस भी शामिल है। तमाल ने रूस के सेंट पीटर्सबर्ग और कैलिनिनग्राद की अत्यंत चुनौतीपूर्ण शीतकालीन परिस्थितियों में कठोर तटीय तथा जलगत प्रशिक्षण प्राप्त किया है। इस युद्धपोत का नाम तमाल रखा गया है, जो देवताओं के राजा इंद्र द्वारा युद्ध के लिए इस्तेमाल की जाने वाली पौराणिक तलवार का प्रतीक है। इस जहाज का शुभंकर भारतीय पौराणिक कथाओं के अमर भालू राजा 'जाम्बवंत' और रूसी राष्ट्रीय पशु – यूरेशियन भूरे भालू की समानता से प्रेरित है।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान ज़िला उपायुक्त अर्जुन शर्मा ने श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न स्थानों का निरीक्षण किया। इस दौरे का उद्देश्य नागरिक मुद्दों का आंकलन करना, विकास परियोजनाओं के प्रस्तावों की समीक्षा करना और वार्डों में जन कल्याण पहलों का कार्यान्वयन करना था। परिषद के अध्यक्ष एस. शाहुल हमीद, वार्ड पार्षदों, राजस्व विभाग और अंडमान लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ, ज़िला उपायुक्त ने उन प्रमुख स्थलों का निरीक्षण किया, जिन्हें नगरपालिका के आगामी नागरिक विकास एजेंडे के लिए चिन्हित किया गया है। टीम ने मछली, फल, सब्जी और किराना बाजार

सहित स्मार्ट मार्केट के निर्माण के लिए प्रस्तावित स्थानों का दौरा किया। सीनियर सिटीजन पार्क के विकास के लिए हैडो हिंदी मीडियम स्कूल के सामने एक स्थल की पहचान की गई। वार्ड नम्बर 16 के निरीक्षण के दौरान, मानसून के मौसम में जलभराव के लंबे समय से चले आ रहे मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया गया। राजस्व अधिकारियों को भूमि का सीमांकन करने का निर्देश दिया गया। आटम पहाड़ में बेहतर सड़क संपर्क की मांग की समीक्षा की गई। ज़िला उपायुक्त ने सरकारी भूमि पर अनधिकृत अतिक्रमण के खिलाफ सख्त कार्रवाई की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

<><><><><><><>

मध्योत्तर अंडमान जिले में तीन दिवसीय जिला योजना समिति की बैठक ज़िला परिषद अध्यक्ष श्रीबास चन्द्र दास की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस बैठक में सांसद बिष्णु पद रे, ज़िला उपायुक्त नंदिनी महाराज, और समिति के सदस्यों ने भाग लिया। इस अवसर पर मध्योत्तर अंडमान जिले से संबंधित 7 वर्षीय रणनीति और दो हजार पच्चीस–छब्बीस की वार्षिक कार्य योजना पर विचार–विमर्श किया गया। बैठक में विभिन्न योजना कार्यान्वयन विभागों – कृषि, पशुपालन और पशु चिकित्सा सेवाएं, मत्स्य पालन, परिवहन, नागरिक उड्डयन, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, नागरिक आपूर्ति और अन्य विभागों के प्रमुखों ने भाग लिया और अपने–अपने विभागों की योजनाओं का प्रारूप पेश किया। सांसद और समिति के सदस्यों द्वारा संबंधित विभागों की योजना के कार्यान्वयन के लिए विभिन्न सिफारिशें और सुझाव प्रस्तुत किए गए।

<><><><><><><>

फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल कार्यक्रम नईदिल्लीके जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में केंद्रीय युवा कार्यक्रम और खेलमंत्री डॉमनसुख मांडविया की मौजूदगी में पूरे जोश के साथ शुरू हुआ। योगासन भारत के सहयो से राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित इस कार्यक्रम में कई एथलीट और मशहूर हस्तियां भी शामिल हुईं, जिनमें अभिनेत्री और फिट इंडिया की नई राजदूत मिया मेलजर, ओलंपियन रेसवॉकर प्रियंका गोस्वामी, पूर्व भारतीय महिला हॉकी कप्तान रानी रामपाल, ताइक्वांडो चैंपियन रोडाली बरुआ और भारतीय अभिनेत्री मधु रिमा तुली शामिल थीं, जो फिट इंडिया आइकन भी हैं।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि इस रविवार की साइकिलिंग और भी खास है। कल, देश भर में छः हजार से अधिक स्थानों पर योग कार्यक्रम आयोजित किए गए और 10 लाख से अधिक स्थानों पर एक करो

ड़ से अधिक लोगों ने इसमें भाग लिया। प्रधानमंत्री केनेतृत्वमें फिट इंडिया एक आंदोलन बन गया है। जब हम साइकिल में एक भी पैडल आगे बढ़ाते हैं, तो हम भारत को फिटनेस का महाशक्ति बना रहे हैं।

कल के योग से लेकर आज साइकिलिंग और कल के ओलंपिक दिवस तक – यह फिटनेस क्रांति हर भारतीय को जोड़ रही है। फिट इंडिया मूवमेंट की भावना ने राष्ट्रीय फिटनेस मंत्र "फिटनेस का डोज, आधा घंटा रोज" को बढ़ावा दिया है।

**<><><><><><><>**